**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**17.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा–भारत 2035 तक अंतरिक्ष में स्थापित करेगा अपना स्टेशन।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में 19 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- देशव्यापी संविधान गौरव अभियान के तहत शिमला में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित–भाजपा ने कांग्रेस पर संविधान के साथ खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।
- प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना से चलेंगी 6 विशेष ट्रेनें–पहली ट्रेन आज रात होगी रवाना।

**समाचार विस्तार से.............**

**जितेन्द्र सिंह**

केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने घोषणा की है कि भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन स्थापित करेगा। इस स्टेशन का नाम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन होगा और यह परियोजना भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा संचालित की जाएगी। उन्होंने ये बात आज शिमला में मौसम विज्ञान केन्द्र का दौरा करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कही। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि परियोजना को पहले 2030 तक पूरा करने की योजना थी लेकिन गगनयान क्रू स्पेसफ्लाइट मिशन और कोविड–19 महामारी के कारण हुई देरी के कारण इसे 2035 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि शिमला ब्रिटिशकाल में देश की ग्रीष्मकालीन राजधानी रहा है यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**मुख्यमंत्री–प्रवास**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिले के 10 दिवसीय शीतकालीन प्रवास पर धर्मशाला पहुंचे। 25 जनवरी तक अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री कांगड़ा जिले के लिए लगभग 6 सौ 75 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं समर्पित करेंगे। अपने प्रवास के पहले दिन मुख्यमंत्री ने धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत की पांच परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इनमें 4 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से निर्मित 7 सौ 50 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का

उद्घाटन शामिल है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिले का विकास सरकार की प्राथमिकता है और विकास की गति को तेज करने के लिए इस क्षेत्र के ऐसे दौरे जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान ढगवार में लगभग 2 सौ 50 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दूध प्रसंस्करण इकाई की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा और एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आर.एस. बाली सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**शोभा करंदलाजे**

केन्द्रीय सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को लेकर बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। चंबा ज़िला के बनीखेत में सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा के अलावा कई अन्य विभागों से संबंधित विकास कार्यों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने अधिकारियों को अपने विभागों से संबंधित योजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने को कहा ताकि ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के लोग योजनाओं का लाभ ले सके। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों व महिलाओं को दिए जाने वाले आहार, सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

**गौरव अभियान**

भारतीय जनता पार्टी ने देशव्यापी संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में आज शिमला में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान व संविधान निर्माता के बारे में कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ लोगों में दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जनता के सामने कांग्रेस की असलियत लाने के उद्देश्य से ये अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा।

जितेन्द्र सिंह ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति और वोट बैंक के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर के विचारों और सिद्धांतों का सम्मान करता है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद सिकंदर कुमार और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन भी मौजूद रहे।

**मुकेश अग्निहोत्री**

ऊना जिले के लिए नाबार्ड के तहत 40 करोड़ रुपये लागत की 4 नई सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये सड़कें गगरेट, हरोली, चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्रों में बनाई जाएंगी। अग्निहोत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के तहत गगरेट में राम मंदिर से बन्ने–दी–हट्टी, हरोली में गोंदपुर बैहली से बाथू–गुरपलाह, चिंतपूर्णी में भेड़ा से पंजोरा और कुटलैहड़ में बौल–झंबर–लाम से टक्का पुल सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

**महाकुंभ–रेल**

प्रयागराज महाकुंभ के लिए हिमाचल प्रदेश के ऊना से 6 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं जिनमें पहली रेलगाड़ी आज रवाना होगी। महाकुंभ जाने के लिए ट्रेनों की आरक्षित वातानुकूलित और स्लीपर श्रेणी के लिए एडवांस बुकिंग में वेटिंग चल रही है जबकि सामान्य श्रेणी के लिए मौके पर ही टिकट की बुकिंग होगी।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा–भारत 2035 तक अंतरिक्ष में स्थापित करेगा अपना स्टेशन।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में 19 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- देशव्यापी संविधान गौरव अभियान के तहत शिमला में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित–भाजपा ने कांग्रेस पर संविधान के साथ खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।
- प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना से चलेंगी 6 विशेष ट्रेनें–पहली ट्रेन आज रात होगी रवाना।